जालंधर, सोमवार 20 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH

+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**
कितना खाली लगता है वो घर जहाँ सबके होते हुए भी माँ ना दिखे

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# लोकसभा चुनाव : पंजाब में अब तक 734.54 करोड़ की नकदी, शराब और ड्रग्स जब्त; 1 जून को मतदान होगा

**जालंधर ( काजल विज ) :** पंजाब में 1 जून को मतदान होगा। मतदान के लिए कुल 24,451 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इनमें 16,517 गांवों और 7,934 शहरों में हैं। चुनाव के मद्देनजर पहले से सख्ती बढ़ा दी गई है। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि प्रदेश भर में केंद्रीय बलों की 250 कंपनियां तैनात की गई हैं, जोकि दिनरात आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रही हैं। प्रदेश में अब तक 734.54 करोड़ रुपये की नकदी, शराब और ड्रग्स पकड़ी गई है। अकेले आयोग की फ्लाइंग स्क्वॉयड ने 33,70,446 लीटर शराब तस्करी होते हुए पकड़ी है।

मतदान वाले दिन सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों को यह ध्यान देना होगा कि वे अपने टेंट या डेस्क पोलिंग बूथ से 100 मीटर की दूरी पर लगाएं।

यहां तक कि कोई भी दल या लोग किसी निजी रिहायशों के बाहर धरना-प्रदर्शन या राजनीतिक दल की बैठक या सभा में विघ्न डालते हैं, तो उन्हें छह महीने की कैद और दो हजार रुपये जुर्माना या दोनों हो सकते है।




### 1 मार्च से अब तक की कुल जब्ती

1 मार्च से पंजाब में अलग-अलग टीमों ने 15.45 करोड़ रुपये नकदी, 22.62 करोड़ की शराब, 665.67 करोड़ की ड्रग्स, 23.75 करोड़ के प्रतिबंधित पदार्थ और 7.04 करोड़ की अन्य जब्ती की गई है। आयोग ने 734.54 करोड़ रुपये का प्रतिबंधित सामान जब्त किया है। सीईओ ने बताया कि लोगों को नकदी को लेकर कई बार दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं कि आचार संहिता लागू होने तक कोई भी 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी साथ लेकर न चले। 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी साथ लेकर चलने पर उसके पुख्ता दस्तावेज, पर्ची या रिकॉर्ड होना अनिवार्य है। अगर ऐसा नहीं होता है तो नकदी जब्त की जाएगी।

### प्रदेश भर से अब तक आ चुकी हैं 3,765 शिकायतें

सी-विजिल एप के जरिए मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पास 3,765 शिकायतें आ चुकी हैं। इनमें से 2,853 शिकायतें सहीं पाई गईं। 3,755 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।

आयोग के पास केवल 10 शिकायतें लंबित हैं। अधिकारियों के मुताबिक कांग्रेस के पूर्व सीएम चन्नी और शिअद की वरिष्ठ नेता बीबी जागीर कौर के मामले में शिकायत भारतीय निर्वाचन आयोग के पास लंबित पड़ी हैं इस शिकायत पर आयोग के आदेशों का इंतजार है। सी-विजिल एप के अलावा लोग सीधा भी अपने जिला के डीस एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को दे सकते हैं, जिस पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## हरियाणा-पंजाब में आसमान से बरस रही आग, पारा 45 डिग्री के पार, रेड अलर्ट जारी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** हरियाणा-पंजाब में गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है. पंजाब में पारा 46 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है. इसकी वजह से मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग की मानें तो अभी गर्मी से कोई राहत भी मिलती नहीं दिख रही है. 25 मई नौतपा की शुरूआत भी होने वाली है. वहीं बात करें हरियाणा की तो प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चल रहा है. सिरसा में तापमान 47.01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.


### पंजाब के इन जिलों में रेड अलर्ट जारी

पंजाब के बठिंडा, मानसा, फाजिल्का, मुक्तसर में मौसम विभाग की तरफ से रेड अलर्ट जारी किया गया है.

शेष पृष्ठ 2 पर

# प्रधानमंत्री मोदी पंजाब में करेंगे 8 रैलियां ! शेड्यूल जारी





**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब में लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी काफी गंभीर नजर आ रही है। इसी के चलते बीजेपी का राष्ट्रीय नेतृत्व लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में पंजाब में अपनी पूरी ताकत लगाने जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब में 8 रैलियां करेंगे। यह पहली बार होगा जब कोई प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव के दौरान इस सीमावर्ती राज्य में 8 रैलियां करेंगे। सूत्रों मिली जानकारी के मुताबिक पी.एम. मोदी 23 मई को प्रणीत कौर के पक्ष में पटियाला में रैली करेंगे उसके अगले दिन 24 मई को वह गुरदासपुर से पार्टी उम्मीदवार दिनेश बब्बू और जालंधर में सुशील रिंकू के समर्थन में रैलियां करेंगे। उनकी बाकी 5 रैलियों का शेड्यूल अभी तय नहीं हुआ है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मोदी 5 हलकों होशियारपुर, लुधियाना, श्री आनंदपुर साहिब, अमृतसर और बठिंडा और फिरोजपुर में रैलियां कर सकते हैं। उनके अलावा अमित शाह, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, जेपी नड्डा, स्मृति ईरानी समेत कई नेता मई के आखिरी हफ्ते में पंजाब में बड़ी रैलियां करेंगे।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी का हेलीकॉप्टर क्रैश, खोज और बचाव अभियान पर जारी हुआ अपडेट

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को लेकर जा रहा हेलीकॉप्टर अजरबैजान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि हेलीकॉप्टर में सवार लोगों का क्या हाल है। तस्लीम न्यूज एजेंसी ने बताया है कि इस हेलीकॉप्टर पर सवार राष्ट्रपति के कुछ साथी केंद्रीय मुख्यालय से संपर्क करने में सक्षम थे। इससे उम्मीद जगी है कि यह दुर्घटना बिना किसी हताहत के खत्म हो सकती है। राष्ट्रपति रायसी के काफिले में तीन हेलीकॉप्टर शामिल थे, जिनमें से दो पर मंत्री और अधिकारी सवार थे। हालांकि वे दोनों हेलीकॉप्टर अपने गंतव्य पर पहुंच गए हैं। खोज और बचाव अभियान के बारे में अपडेट देते हुए ईरान के आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने कहा, राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग स्थल पर बचाव टीमों के पहुंचने की अभी भी उम्मीद है। रायसी के कोई संपर्क नहीं हो सका है।

### रायसी के हेलीकॉप्टर दुर्घटना के स्थान की पहचान की गई

राष्ट्रपति रायसी और उनके साथियों को ले जा रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटना स्थान की पहचान पूर्वी अज़रबैजान प्रांत के अरासबारन जंगलों में बसे उजी गांव के पास की गई है और बचाव दल को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। घटना का क्षेत्र अपने चुनौतीपूर्ण इलाके के लिए जाना जाता है, जिससे बचाव टीमों को घटनास्थल तक पहुंचने के प्रयासों में कठिनाई हो रही है।

### ईरानी आंतरिक मंत्री ने क्या अपडेट दिया

वाहिदी ने कहा, आज, हमने अजरबैजानी राष्ट्रपति की उपस्थिति के साथ किज कलासी बांध का उद्घाटन (समारोह) किया। उसके बाद, राष्ट्रपति, साथियों के साथ, कई हेलीकॉप्टरों पर सवार थे। वापसी यात्रा, जिनमें से एक को क्षेत्र में प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण हार्ड लैंडिंग करने के लिए मजबूर होना पड़ा।



उन्होंने कहा कि बचाव दल को क्षेत्र में भेज दिया गया है, लेकिन क्षेत्र में कोहरा और चुनौतीपूर्ण इलाका होने के कारण हेलीकॉप्टर तक पहुंचने में कुछ समय लग सकता है। वाहिगी ने कहा, हम राष्ट्रपति के साथियों के साथ संपर्क में हैं, लेकिन क्षेत्र की जटिलता के कारण, संचार कुछ हद तक चुनौतीपूर्ण है। हम घटना स्थल और हेलीकॉप्टर के लैंडिंग स्थल पर बचाव टीमों के आने का इंतजार कर रहे हैं ताकि हमें जानकारी मिल सके।

**हेलीकॉप्टर की लोकेशन अब भी अज्ञात :** दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद से, रेड क्रिसेंट की बचाव टीमों के साथ-साथ सैन्य और कानून प्रवर्तन ने राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर की व्यापक खोज शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, क्षेत्र में कोहरे की स्थिति के कारण हेलीकॉप्टर की स्थिति अज्ञात बनी हुई है। दुर्घटना के बाद राष्ट्रपति के एक साथी द्वारा केंद्रीय मुख्यालय को किए गए फोन कॉल को देखते हुए, इस बात की काफी उम्मीद है कि कोई हताहत नहीं हुआ।

**हेलीकॉप्टर पर ईरानी विदेश मंत्री भी हैं सवार :** बताया जा रहा है कि ईरानी राष्ट्रपति के साथ हेलीकॉप्टर में तबरीज़ के शुक्रवार की प्रार्थना के इमाम सैय्यद मोहम्मद-अली अल-हाशेम और विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी थे। स्टेट टीवी ने कहा कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित शहर जोल्फा के पास हुई।

### घटनास्थल तक पहुंचने में खराब मौसम बना बाधा

सरकारी टीवी ने कहा कि बचावकर्मी घटनास्थल तक पहुंचने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें बाधा आ रही थी। कुछ हवाओं के साथ भारी बारिश और कोहरे की सूचना मिली थी। आईआरएनए ने इस क्षेत्र को जंगल कहा।

## अजरबैजान दौरे पर हैं ईरानी राष्ट्रपति

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी अजरबैजान दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने अजरबैजानी राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से मुलाकात की। मुलाकात के बाद रायसी ने कहा कि ईरान और अजरबैजान गणराज्य फिलिस्तीनी लोगों का समर्थन करना जारी रखेंगे क्योंकि दोनों पक्ष जायोनी शासन (इजरायल) से नफरत करते हैं। रायसी ने रविवार को अपने अजरबैजानी समकक्ष इल्हाम के साथ बातचीत के दौरान कहा, फिलिस्तीन मुद्दा इस्लामी दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है, और ईरानी और अज़रबैजानी देशों को फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन और ज़ायोनी शासन के प्रति उनकी नफरत में कोई संदेह नहीं है।

### ईरान और अजरबैजान ने संयुक्त बांध का किया उद्घाटन

ईरान और अजरबैजान राष्ट्रपतियों ने अरास की सीमा नदी पर बने संयुक्त किज कलासी बांध के उद्घाटन के लिए एक समारोह के मौके पर मुलाकात की। राष्ट्रपति रायसी ने इस परियोजना को विकास का प्रतीक और आपसी सहयोग का विस्तार करने के लिए दोनों देशों के दृढ़ संकल्प का संकेत बताया। उन्होंने यह भी कहा कि अजरबैजान गणराज्य के साथ ईरान के संबंध अटूट हैं और पड़ोसीपन से परे हैं। रायसी ने आगे कहा कि ईरान और अजरबैजान को अपने आपसी संबंधों को बढ़ावा देने के अलावा, उन संगठनों के माध्यम से क्षेत्रीय और अतिरिक्त-क्षेत्रीय सहयोग को भी बढ़ावा देना चाहिए, जिनके दोनों पक्ष सदस्य हैं।

पृष्ठ 1 का शेष

### हरियाणा-पंजाब में आसमान से बरस रही आग, पारा 45...

इसके साथ ही प्रदेश के 19 जिलों में ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है. मौसम विभाग की मानें तो अभी 20 मई तक मौसम ऐसा ही रहने वाला है. इसके साथ ही 25 मई से अमृतसर में नौतपा की शुरूआत होने वाली है यानि इन दिनों में तापमान लगातार बढ़ने वाला है. 25 मई से लेकर 2 जून तक यहां नौतपा चलने वाला है. रविवार को पंजाब के अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला, मोहाली में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने का अनुमान है.

### 5 दिनों तक गर्मी और बढ़ेगी

मौसम विभाग के अनुसार, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब में 5 दिन तक गर्मी और बढ़ने वाली है. इसके साथ ही लोगों को हीट वेब का भी सामना करना पड़ेगा. सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ज्यादा जरूरी हो तो ही घर से बाहर निकलें. वहीं गर्मी में हल्के कॉटन के कपड़े ही पहनें, लगातार पानी पीते रहें और खाली पेट न रहें. हरियाणा में 31 मई तक गर्मी का प्रकोप पीक पर रह सकता है. गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत भी बढ़ती जा रही है.

## बैंस ब्रदर्स के साथ बैठकर महिलाओं को सुरक्षा देने की बात कर रहे वड़िंग : बिट्टू

**जालंधर (नितिका) :** लुधियाना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रवनीत बिट्टू ने शनिवार को बैंस बंधुओं के साथ बैठकर मीडिया के सामने महिला सशक्तीकरण के बारे में बात करने के लिए पंजाब कांग्रेस के प्रधान और लुधियाना से पार्टी उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को खरी-खरी सुनाई।



बिट्टू ने कहा कि वडिंग द्वारा विजिन दस्तावेज जारी करते समय उनके साथ मंच पर पूर्व विधायक बैंस बंधू भी थे। बिट्टू ने कहा कि ये चौकाने वाला था कि बैंस बंधुओं की उपस्थिति में वड़िंग लुधियाना के लोगों के साथ महिलाओं को सुरक्षा देने का वादा कैसे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामलों का सामना कर रहे बैंस ब्रदर्स कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं, उस दिन से राजा वड़िंग को महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा पर बात करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। बिट्टू ने कहा कि बैंस बंधुओं के खिलाफ कम से कम 28 मामले दर्ज हैं और वे हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर हैं। बिट्टू ने कहा कि आप और कांग्रेस एक दूसरे से अलग नहीं हैं। लुधियाना के सांसद रवनीत बिट्टू नें राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के मामले का हवाला दिया, जिन पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव ने बेरहमी से हमला किया था।

WE ARE HIRING
AN OPPORTUNITY FOR YOUNGSTERS
We are currently looking for Marketing Executive
If you are dedicated and ambitious. Don't hesitate to apply
SEND YOUR RESUME OR CV TO
vandebharat24.com@gmail.com
WHATSAAP : +91 97814 00247

वंदे भारत 24
VANDE BHARAT 24 NEWS CHANNEL को रिक्त जिलों में जिला लेवल एवं तहसील लेवल पर न्यूज़ रिपोर्टर की आवश्यकता है केवल पत्रकारिता मे रुचि रखने वाले संपर्क करे
vandebharat24.com@gmail.com
WHATSAAP : +91 97814 00247

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
हमारे साथ जुड़ने के लिए व विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से

वंदे भारत 24 भारत के मन की बात

के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






## Punjab की राजनीति में बड़ा धमाका

# सिमरजीत बैंस ने जारी किया बिट्टू से सनसनीखेज बातचीत का Audio

**जालंधर ( हिमांशु ) :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले शनिवार को कांग्रेस और बीजेपी की राजनीति में उस वक्त भूचाल आ गया जब हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक सिमरजीत बैंस ने लुधियाना से सांसद रवनीत बिट्टू की ऑडियो लीक कर दी।

इस संबंध में बैंस की ओर से बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। बैंस के मुताबिक, यह ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके कांग्रेस में शामिल होने से पहले और बिट्टू के बीजेपी उम्मीदवार बनने के बाद की है। हालांकि बैंस पिछले कई दिनों से बिट्टू की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का दावा कर रहे थे, लेकिन पहले इनकार के बावजूद उन्होंने इसे लीक कर दिया। इस ऑडियो को लेकर बैंस का कहना है कि इनके कांग्रेस में शामिल होने को लेकर बिट्टू उन्हें बल्ताकारी, बिजली, टैक्स चोर, जमीनों पर कब्जे करने वाला बता कर लुधियाना से पार्टी के राजा वड़िंग और उनकी पत्नी अमृता को निशाना बना रहे हैं। अगर वे



भाजपा में शामिल हो जाते तो ठीक होता।

बैंस ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से बिट्टू को चेतावनी दे रहे थे कि वह इस तरह की हरकत न करें और अपने भाई गुरकीरत पर लगे विदेशी महिला के यौन शोषण के आरोपों को न भूलें, लेकिन फिर भी बिट्टू ने उनके खिलाफ बोलना बंद नहीं किया। सबूत पेश करना था कि कैसे बिट्टू उन पर बीजेपी में शामिल होने के लिए दबाव बना रहे थे। बैंस का दावा है कि उन्होंने इस मुद्दे पर बिट्टू के साथ बैठक की थी और उन्हें वाई कैटागरी की सुरक्षा के साथ गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक करने और भाजपा में शामिल होने पर पोस्ट करने का आश्वासन दे रहे थे। बैंस ने कहा है कि आने वाले समय में ऑडियो रिकॉर्डिंग भी जारी की जाएगी। ये बातें दोनों पार्टियों के बड़े नेताओं के बारे में कही गई हैं

इस ऑडियो रिकॉर्डिंग में बैंस ने किसी नेता या पार्टी के खिलाफ कुछ खास नहीं कहा, लेकिन बिट्टू ने कांग्रेस और बीजेपी के बड़े नेताओं के खिलाफ काफी कुछ बोला है। उन्होंने कहा कि बैंस को कांग्रेस में लाने के मामले में प्रताप बाजवा, राजा वड़िंग और भारत भूषण आशु ने संकीर्णता दिखाई और उन्हें फैसला नहीं लेने दे रहे थे लेकिन वह अपनी टिकट घोषित होने का इंतजार कर रहे थे कुछ भी करने में सक्षम हो।

कहा जा रहा है कि बिट्टू मुख्य रूप से कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के लिए चल रही लड़ाई को देखते हुए पार्टी छोड़ रहे हैं, वही बातें कही जा रही थीं कि पहले नवजोत सिंह सिद्धू और सुखपाल खीरा बैठे हैं और अगर बंस आएंगे तो हमारा क्या होगा रहेंगे बिट्टू ने ऑडियो रिकॉर्डिंग में कहा कि बीजेपी में भी कांग्रेस जैसा ही माहौल है और सुनील जाखड़ और परमिंदर बराड़ पर बैंस को बीजेपी में जाने से रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया क्योंकि उन्हें अपनी दुकान बंद होने का डर था।

बिट्टू ने माना है कि बैंस को बीजेपी में शामिल करने के लिए उनके पास बार-बार केंद्रीय संगठन मंत्री के फोन आ रहे हैं कि जाखड़ अड़ंगा लगा रहे हैं।

बिट्टू ने यह भी टिप्पणी की है कि इस समय बीजेपी की स्थिति ऐसी है कि अगर पंजाब से कोई नकली पगड़ी पहनकर भी निकलता है तो सीधे प्रधानमंत्री से मुलाकात की जा रही है। बैंस ने कहा कि बिट्टू दावा कर रहा है कि ऑडियो रिकॉर्डिंग फर्जी है, वह इसकी जांच करा सकते हैं और वह कोई भी सजा भुगतने को तैयार हैं या।

## माइक के निशान पर चुनाव लड़ेगा जेल में बंद अमृतपाल सिंह, पंजाब की 13 सीटों पर एक जून को वोटिंग

**जालंधर( संदीप मान ) :** जेल में बंद कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह पंजाब की खडूर साहिब सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। अमृतपाल सिंह को माइक चुनाव चिन्ह मिला है। वह कुल 328 उम्मीदवारों में से 169वें उम्मीदवार थे, जिन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं।

वारिस पंजाब दे संगठन का प्रमुख अमृतपाल राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। फरीदकोट (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे सरबजीत सिंह खालसा को गन्ना किसान चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। खालसा बेअंत सिंह का बेटा है, जो दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारों में से एक था। बेअंत सिंह और सतवंत सिंह इंदिरा गांधी के अंगरक्षक थे। दोनों ने 31 अक्टूबर 1984 को प्रियंका गांधी के आवास पर उनकी हत्या कर दी थी।



इस बीच पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सिबिन सी ने रविवार को कहा कि पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे 328 उम्मीदवारों को भारत के चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जिला चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव चिह्न आवंटित किए गए हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों को आवंटित चुनाव चिन्हों में हारमोनियम, डंबल, सेब, चिमटा, हॉकी और गेंद, स्टूल, जहाज, गैस सिलेंडर, बैटरी टॉर्च, अलमारी, कंप्यूटर, बल्लेबाज, बल्ला, ट्रक, खाट, फूलगोभी, पेट्रोल पंप, टेलीविजन, लैपटॉप शामिल हैं। ऑटो रिक्शा, प्रेशर कुकर, प्लास्टरिंग ट्रॉवेल, बांसुरी, हीरा, रोड रोलर, लेटरबॉक्स, चिमनी और सिलाई मशीन।

पंजाब के सीईओ ने कहा कि गुरदासपुर से 14 निर्दलीय सहित 26 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। अमृतसर में 30 उम्मीदवारों में से 18 निर्दलीय और खडूर साहिब सीट पर 27 उम्मीदवारों में से 18 निर्दलीय हैं। जालंधर में 20 उम्मीदवारों में से आठ निर्दलीय हैं जबकि होशियारपुर में 16 उम्मीदवारों में से चार निर्दलीय हैं। आनंदपुर साहिब में कुल 28 उम्मीदवारों में से 13 निर्दलीय हैं और लुधियाना में 43 उम्मीदवारों में से 26 निर्दलीय हैं।

फतेहगढ़ साहिब में कुल 14 उम्मीदवारों में से सात निर्दलीय हैं और फरीदकोट में कुल 28 उम्मीदवारों में से 12 निर्दलीय हैं। फिरोजपुर से 17 निर्दलीय सहित कुल 29 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। बठिंडा में 18 उम्मीदवारों में से आठ निर्दलीय हैं और संगरूर में 23 उम्मीदवारों में से नौ निर्दलीय हैं। पटियाला में चुनाव लड़ रहे 26 उम्मीदवारों में से 15 निर्दलीय हैं। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के लिए 1 जून को मतदान होगा।

## यूपी-बिहार के लोग को पंजाब में घुसने मत दो, ये कब्जा करना चाहते

### कांग्रेस नेता का विवादित बयान

**जालंधर( जसवीर ) :** संगरूर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल खैहरा ने उत्तर प्रदेश व बिहार से आने वाले प्रवासियों को लेकर विवादित बयान दिया है। सुखपाल खैहरा ने कहा कि यह लोग पंजाब पर कब्जा कर पंजाबियत खत्म कर देंगे।

पंजाब पंजाबियों का है। यहां पर गैर पंजाबी यानी दूसरे राज्यों से आने वालों को वोट का अधिकार नहीं होना चाहिए। न उन्हें पंजाब में नौकरी मिले और न ही घर बनाने देना चाहिए। खैहरा का यह बयान देकर मुश्किल में पड़ सकते हैं। शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के एक प्रत्याशी ने भी कुछ ऐसा ही बयान दिया था, जिन्हें समाज को बांटने के लिए विवादित बोल पर बठिंडा व मानसा के चुनाव अधिकारी नोटिस जारी कर चुके हैं।

### पंजाब में पगड़ीधारियों के लिए जगह नहीं होगी

संगरूर से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार सुखपाल खैहरा ने दिड़बा के गांव खेतला में चुनावी सभा में कहा कि जैसे पंजाब से लोग विदेश जा रहे हैं और दूसरे राज्यों से लोग यहां आ रहे हैं, उससे साफ है कि कुछ वर्षों में पंजाब में पगड़ीधारियों के लिए जगह नहीं होगी।

### गैर-पंजाबियों के खिलाफ कानून लाया जाए : सुखपाल

उन्होंने आगे कहा कि हिमाचल की तरह पंजाब में भी गैर-पंजाबियों के खिलाफ कानून लाया जाए। जैसे हिमाचल में कानून है कि दूसरे राज्यों का कोई व्यक्ति जमीन नहीं खरीद सकता, वैसा ही कानून पंजाब में भी हो, ताकि बाहरी पंजाब पर कब्जा न कर सकें। विधानसभा स्पीकर को भी लिखित में दे चुका हूं। खैहरा ने कहा कि दूसरे राज्यों से लोग पंजाब आएं और पैसा कमाकर चले जाएं।

### चन्नी ने भी दिया विवादित बयान

2022 के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी ने भी विवादित बयान दिया था। चन्नी ने रूपनगर में चुनाव प्रचार करने पहुंचीं प्रियंका गांधी वाड्रा की मौजूदगी में कहा था कि उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली के भइये जो पंजाब में आकर राज करना चाहते हैं, उन्हें पंजाबी घुसने नहीं देंगे। उनके इस बयान पर बवाल मचा था और उन्हें सफाई भी देनी पड़ी थी।



# लंबे समय बाद पंजाब लौटे राघव चड्ढा

## जल्द करेंगे पार्टी प्रचार अभियान में होंगे शामिल



**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** पंजाब से राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा लंदन में अपनी आंखों का ऑपरेशन करवाकर लंबे समय बाद शनिवार को चंडीगढ़ लौट आए हैं। वह जल्द ही आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार की बागडोर संभालेंगे।

अभी तक मुख्यमंत्री भगवंत मान अकेले ही चुनाव प्रचार में उतरे हुए थे। पिछले दो दिन के अरविंद केजरीवाल के दौरे को छोड़ दें तो अभी तक की सारी प्रचार मुहिम मान ने ही संभाली हुई थी, जिसमें अब राघव चड्ढा भी शामिल होंगे। पार्टी के एक सीनियर नेता ने बताया कि चड्ढा जल्द ही प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो निकालेंगे। जिन-जिन प्रत्याशियों की ओर से मांग आएगी, वह प्रचार करेंगे। पिछले दिनों ही पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की थी, जिसमें राघव चड्ढा का भी नाम था।

**भगवंत मान ही अकेले कर रहे थे प्रचार :** उल्लेखनीय है कि राघव चड्ढा आईएनडीआईए की ओर से पार्टी के प्रभारी भी हैं, लेकिन पिछले लंबे समय से उनके विदेश में रहने के कारण पंजाब में यह एक बड़ा मुद्दा बना हुआ था कि जब पार्टी को अपने सीनियर नेताओं की सबसे ज्यादा जरूरत है, ऐसे में वह विदेश गए हुए हैं। दरअसल आबकारी मामले में अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह सरीखे बड़े नेता जेल में थे। पार्टी के पास केवल भगवंत मान ही प्रचार के लिए बचे हुए थे।

### प्रचार अभियान में शामिल नहीं थे सात राज्यसभा सदस्य

हैरानी की बात यह भी रही कि पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों में से कोई भी प्रचार अभियान में शामिल नहीं था। इनमें क्रिकेटर हरभजन सिंह आईपीएल में व्यस्त हैं तो संत बलबीर सिंह सींचेवाल ने प्रचार के लिए मना कर दिया है। संजीव अरोड़ा और अशोक मित्तल ने भी किसी भी प्रत्याशी के लिए कोई प्रचार नहीं किया। पार्टी अब राघव चड्ढा को चुनाव में प्रचार के लिए उतारकर उनके बारे में फैलाई जा रही भ्रांतियों को भी दूर करने की कोशिश करेगी।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान के रोड शो में प्रदर्शन, दो जगह लोगों ने दिखाए काले झंडे; सीएम ने कही ये बात

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** आम आदमी पार्टी प्रत्याशी करमजीत अनमोल के पक्ष में रोड शो करने आए मुख्यमंत्री भगवंत मन को विरोध का सामना करना पड़ा है। ठेका मुलाजिम संघर्ष कमेटी के बैनर तले पावर काम के कच्चे मुलाजिमोन यह प्रदर्शन किया है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान प्रताप रोड पर रोड शो करने आए थे। रोड शॉ शुरू होने के कुछ ही समय बाद एक जगह इकट्ठा हुए 5 से 6 प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाने शुरू कर दिए और नारेबाजी शुरू कर दी इसी दौरान वहां पर मौजूद वर्क करो और पुलिस में उन्हें लात घुसों से पीटा और नीचे दबा दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस मुलाजिमों ने उन्हें हिरासत में लिया और थाने ले गए। रोड शो समाप्त होने के बाद जैसे ही मुख्यमंत्री की गाड़ियों का काफिला फिरोजपुर रोड की तरफ बढ़ा दो फिर रास्ते में 7 से 8 युवाओं ने नारेबाजी की और उन्हें काले झंडे दिखाये, यहां पर भी उन्हें पीछे कर दिया गया। पॉवर कॉम में अलग-अलग पदों पर तैनात उक्त मुलाजिमों में से गुरमीत सिंह और परगट सिंह का कहना था कि सरकार बनने से पहले




उनके साथ वादा किया गया था कि उन्हें पक्की नौकरी दी जाएगी।

मगर अब मुख्यमंत्री उनकी कोई बात ही नहीं सुन रहे हैं जिस कारण ने प्रदर्शन करना पड़ रहा है। लंबे समय से मुख्यमंत्री से बातचीत के लिए समय मांग रहे हैं मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मुलाजिम अपने साथ काले कपड़े लेकर पहुंचे हुए थे और जैसे ही मुख्यमंत्री उनके पास से गुजरने लगे तो उन्होंने वहां पर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**500 मीटर का रोड शो बीस मिनट में खत्म :** मुख्यमंत्री भगवंत मान का मोगा पहुंचने का समय 5ः00 बजे दिया गया था मगर लगभग 7.00 बजे पहुंचे और 500 मीटर तक रोड शो करने के बाद 20 मिनट में ही यहां से चले गए। इस दौरान अपने भाषण में उन्होंने शिरोमणि अकाली दल बादल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर निशाना चाहते हुए उन्हें बंद बुद्धि करार दे दिया। मान ने कहा कि वर्क करो में इतना जोश देखकर साफ हो गया है कि करमजीत अनमोल की जीत पक्की है और मुझे पूरा यकीन है कि मोगा जिले के लोग बढ़ चढ़कर करनजीत अनमोल को वोट देंगे। इस चुनाव के बाद सभी गारंटियां पूरी कर

## पैसे के लेन-देन को लेकर युवक की हत्या

**जालंधर (नितिका) :** बीती रात भवानीगढ़ में एक 26 वर्षीय युवक की लोहे की रॉड मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मामला पैसों के लेनदेन का बताया जा रहा है।



पुलिस ने मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में गुरुनानक नगर निवासी निर्मल सिंह पुत्र सेवा सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात करीब दस बजे जब वह दुकान से लौट रहा था तो रास्ते में उसके बेटे का फोन आया कि उसके चाचा जसपाल सिंह और दर्जी का काम करने वाले गुरध्यान सिंह के बीच झगड़ा हो गया है। वह मोहल्ले में हनुमान मंदिर के पास पहुंचे तो देखा कि जसपाल का खून से लथपथ शव जमीन पर पड़ा था। निर्मल सिंह के अनुसार उसके भाई जसपाल सिंह ने गुरध्यान सिंह से पैसे लेने थे और कल रात जसपाल हनुमान मंदिर के पास आया तो वहां मौजूद गुरध्यान सिंह ने इस घटना को अंजाम दिया। उधर, भवानीगढ़ थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने बताया कि पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मंदिर से लौट रहे मां-बेटे पर नाबालिग ने चढ़ाई गाड़ी, बुझ गया घर का इकलौता; 28 मई को आने वाला था जन्मदिन

**जालंधर (काजल विज) :** शहर के मुर्गी मोहल्ला में रविवार देर शाम स्कार्पियो गाड़ी चला रहे एक नाबालिग ने मंदिर से लौट रहे मां-बेटे को कुचल दिया। जिस दौरान मां बुरी तरह से घायल हो गई जबकि उसका करीब तीन साल के बेटे की मौत हो गई।

फिलहाल थाना सिविल लाइन पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मंदिर से वापस लौटते वक्त हुआ हादसा

फड़फड़ाते होंठों से दिल चीरने वाले रूदन भरी आवाज में मां मोनी देवी ने बताया कि वह उसके तीन बार ऑपरेशन से बच्चे हुए लेकिन वह जन्म से ही मरे पैदा हुए थे। अब चौथी बार शुभम पैदा





हुआ था। जिस कारण परिवार में बहुत खुशी थी और बड़े प्यार दुलार से उसे पाला जा रहा था। रविवार रात को वह मंदिर से अपने बेटे शुभम के साथ माथा टेक कर वापस आ रही थी। इसी दौरान एक स्कार्पियो गाड़ी तेज रफ्तार से आई और मां-बेटा दोनों पर चढ़ गई। जिस कारण वह दोनों घायल हो गए।

### 28 मई को मनाया जाता जन्मदिन

घायल हालत में शुभम को अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमारी खुशियां पापियों ने छीन ली। भगवान उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। वहीं मृतक बच्चे की बहन ने बताया कि शुभम का जन्मदिन 28 मई को था और शुभम कहता था कि उसका जन्मदिन धूमधाम से मनाना। परिवार शुभम के जन्मदिन की तैयारी भी कर रहा था। लेकिन किसी को पता नहीं था कि जिस के जन्म दिन की वह तैयारी कर रहे हैं वह दुनिया छोड़ जाएगा।

**गाड़ी चलाने वाले नाबालिग :** परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि गाड़ी चलाने वाला अंगद था और वह नाबालिग है और पुलिस ने उस पर तो मामला दर्ज कर लिया लेकिन आरोपित को गाड़ी चलाने के लिए देने वाले परिवार वालों पर भी पुलिस को मामला दर्ज करना चाहिए। क्योंकि अगर वह अंगद को गाड़ी नहीं देते तो शायद आज शुभम जिंदा होता और 28 मई को उसका जन्मदिन परिवार मनाता।

### पुलिस ने शुरू कर दी कार्रवाई

वहीं थाना सिविल लाइन प्रभारी यादविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक बच्चे के पिता अबदेश प्रसाद के बयानों पर आरोपित अंगद पुत्र सोनू वासी मुर्गी मोहल्ला के खिलाफ मामला दर्ज कर गाड़ी को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपित अंगद नाबालिग है या नहीं। इस की जानकारी आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल पाएगी।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते हैं। मोब. 97814-00247, 97804-00247



# 100 करोड़ का ऑफर, 5 करोड़ एडवांस : कॉन्ग्रेस नेता शिवकुमार की पोल खुली

## कर्नाटक सेक्स सीडी में PM मोदी को बदनाम करने का दिया था टास्क

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** BJP नेता देवराजे गौड़ा ने कहा है कि पीएम मोदी को बदनाम करने के लिए कर्नाटक के डेप्यूटी सीएम डीके शिवकुमार ने उन्हें 100 करोड़ रुपए का ऑफर दिया था।बीजेपी नेता और वकील देवराजे गौड़ा ने शुक्रवार (17 मई) को एक बड़ा खुलासा किया है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें पीएम मोदी और राज्य के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी को बदनाम करने के लिए 100 करोड़ रुपए देने की पेशकश की थी। गौड़ा ने कहा कि शिवकुमार ने उन्हें अग्रिम राशि के रूप में 5 करोड़ रुपए भी भेजे थे।

देवराजे गौड़ा का आरोप है कि कॉन्ग्रेस नेता शिवकुमार ने पूर्व एमएलसी एमए गोपालस्वामी को उनसे बातचीत करने के लिए नियुक्त किया था। गौरतलब है कि शुक्रवार (17 मई 2024) को जब उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा था तो उन्होंने पुलिस वाहन से पत्रकारों से बात करते हुए ये टिप्पणी की। उन्हें लगभग एक सप्ताह पहले यौन शोषण के आरोप में कॉन्ग्रेस सरकार ने गिरफ्तार किया है।



बताते चलें कि देवराजे गौड़ा ने प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो और यौन शोषण मामले की ओर जनता का ध्यान आकर्षित किया था। गौड़ा के अनुसार, प्रज्वल रेवन्ना मामले से संबंधित घटनाक्रम को सँभालने के लिए एन चेलुवरयास्वामी, कृष्णा बायरे गौड़ा और प्रियांक खड़गे सहित चार मंत्रियों की एक टीम बनाई गई थी।

हासन में अदालत परिसर से ले जाए जाने के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए गौड़ा ने कहा, मुझे एक बयान देने के लिए कहा गया था कि यह एचडी कुमारस्वामी ही थे, जिन्होंने पेन ड्राइव में रखे सेक्स वीडियो प्रसारित किए थे (इसमें कुमारस्वामी के भतीजे प्रज्वल रेवन्ना, पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते भी शामिल हैं)। लेकिन, प्रज्वल रेवन्ना के ड्राइवर कार्तिक गौड़ा से पेन ड्राइव लेकर सारी योजना बनाने वाले शिवकुमार थे।

उन्होंने कहा, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, एचडी कुमारस्वामी और भाजपा को बदनाम करने के लिए बड़े पैमाने पर योजना बनाई थी। उन्होंने मुझे 100 करोड़ रुपए की पेशकश की और बॉरिंग क्लब के कमरा नंबर 110 में एडवांस के तौर पर 5 करोड़ रुपए भी भेजे। चन्नरायपटना के एक स्थानीय नेता गोपालस्वामी को इस सौदे पर बातचीत करने के लिए भेजा गया था।

गौड़ा ने आगे कहा, जब मैंने उनकी योजनाओं का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया तो उन्होंने पहले मुझे एक मामले में फँसाया, लेकिन उसमें कोई सबूत नहीं मिला। बाद में उन्होंने मुझे यौन उत्पीड़न के मामले में फँसा दिया। जब ये चाल भी नाकाम हो गई तो उन्होंने मेरे खिलाफ रेप का केस दर्ज करा दिया। मुझसे चार दिनों तक पूछताछ की गई, लेकिन उनसे कुछ पता नहीं चल सका।

देवराजे गौड़ा ने पत्रकारों से बातचीत करते समय जोर देकर कहा, मेरे पास शिवकुमार की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग है। मैं जेल से बाहर आते ही उसे जारी कर दूँगा और कॉन्ग्रेस की सरकार गिर जाएगी। इससे पहले 6 मई को गौड़ा ने कहा था कि यौन उत्पीड़न के वीडियो वाली पेन ड्राइव जारी करने के पीछे शिवकुमार का हाथ था। कॉन्ग्रेस पार्टी का मुख्य निशाना प्रधानमंत्री मोदी हैं।

उन्होंने कहा था, मुझे सेक्स स्कैंडल की जाँच कर रही स्क्वॉड पर भरोसा नहीं है। मैं सारे सबूत सीबीआई को सौंप दूँगा। मेरे पास मौजूद वीडियो उन वीडियो से अलग हैं, जो जारी किए गए हैं।बता दें कि 33 वर्षीय प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। प्रज्वल जर्मनी के फ्रैंकफर्ट भाग गए हैं। उनके खिलाफ इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है।

# पुलवामा हमले के आरोपी 5 साल से क्यों नहीं पकड़े गए, पीएम मोदी ने पंजाब को क्या दिया : चन्नी

**जालंधर ( संदीप मान ) :** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए यहां रविवार को कहा कि पुलवामा हमले में 40 जवान शहीद हुए थे, आरोपी अभी तक क्यों नहीं पकड़े गए।



मोदी दस साल से प्रधानमंत्री हैं, मैं बस इतना पूछना चाहता हूं कि उन्होंने पंजाब को अभी तक क्या दिया है।

चरणजीत सिंह चन्नी ने पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में वायुसेना के काफिले पर हुए हमले को राजनीतिक स्टंट बताया था। चन्नी के इस बयान के बाद भाजपा ने उन्हें आड़े हाथों लिया था। इस मामले में अब उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, पंजाब चुनाव आयोग ने भारत चुनाव आयोग को चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ एक रिपोर्ट बनाकर भेजी थी और कार्रवाई करने के लिए कहा था। इस मामले में आज फिर उन्होंने सफाई पेश की है।

चन्नी ने कहा, मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि वे कौन लोग हैं जो चुनाव के दिनों में हमारे फौजी भाइयों पर आकर हमला करते हैं और पहले भी पुलवामा में हमारे 40 जवान शहीद हो गए थे और अब एक फौजी शहीद हो गया है, जिसका हमें रोष है। मैं देश के फौजी जवानों का सम्मान करता हूं और यहां तक कि मेरे चाचा सरूप सिंह फौजी थे।

उन्होंने कहा, मैं और मेरा परिवार हमेशा फौजी परिवारों के साथ हैं, उनका सम्मान करते हैं। मैं पहले भी सैनिकों के साथ था और अब भी हूं। जब मैं मुख्यमंत्री था, तब हमारे रोपड़ जिले के दो जवान शहीद हुए थे और मैंने उनके अंतिम संस्कार में कंधा दिया था। मैंने शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को सरकार से ज्यादा सहायता दी थी। मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया था और इसे लेकर सैनिकों को बुरा लगा कि चन्नी ने हमारे खिलाफ बोला है। लेकिन, मैं अपने फौजी भाइयों को बताना चाहता हूं कि मैं हमेशा उनका सम्मान करता हूं और उनका सम्मान करता रहूंगा।

प्रवासियों को लेकर रवनीत बिट्टू के बयान पर उन्होंने कहा, मैं प्रवासियों के साथ खड़ा हूं, आगे भी खड़ा रहूंगा। मेरे हल्के में काफी लोग बिहारी हैं, जो छठ पूजा करते हैं। हमने मोरिंडा में छठ देवी का मंदिर बनवाया है, जहां प्रवासी लोग पूजा करते हैं। छठ पूजा के लिए हमने जगह भी दी है और ग्रांट देकर छठ पूजा के लिए हॉल भी बनाया। मैं हर साल इन लोगों के साथ होली खेलता हूं, इसका वीडियो भी आप लोगों ने देखा होगा। हमारा परिवार हमेशा प्रवासी लोगों के साथ मिलकर त्यौहार मनाता है।

उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि दस साल से वह प्रधानमंत्री हैं, हर कोई चुनाव में आते हैं, मैं बस इतना पूछना चाहता हूं कि जब पंजाब में आए तो यह बता दें कि उन्होंने पंजाब को अभी तक क्या दिया है। हमारे यहां एक एयरपोर्ट बना, हमने पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा और कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज के नाम पर एयरपोर्ट का नाम रखना चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार जो भाजपा की है, उसने दलित विरोधी होने के कारण हमारी मांग पर ध्यान नहीं दिया। अब इनकी पावर चली गई है और यह लोगों से वोट मांग रहे हैं, हमारी सरकार आएगी तो हम एयरपोर्ट का नाम श्री गुरु रविदास महाराज के नाम पर रखेंगे। केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण जालंधर में इंडस्ट्री डूब रही है। केंद्र में अबकी बार इंडिया गठबंधन के तहत सरकार बनेगी और इंडस्ट्री को दोबारा खड़ा किया जाएगा। चन्नी ने कहा कि ईडी, सीबीआई और विजिलेंस का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। हमारी सरकार आएगी तो इनका दुरुपयोग नहीं होगा।

भाजपा उम्मीदवार अवनीश बिट्टू और शिवराज सिंह बैंस की ऑडियो क्लिप वायरल होने पर उन्होंने कहा कि इसकी बात उनसे ही करें। देश के फौजियों को लेकर उन्होंने कहा, हम उनके समर्थक हैं और फौजी के ऊपर अटैक हो रहे हैं, फौजी शहीद हो रहे हैं और ये लोग हमें ही उनका विरोधी बता रहे हैं। मैं पूछता हूं, पुलवामा में जो अटैक हुआ था, उनके आरोपी अभी तक क्यों नहीं मिले हैं, वे कौन लोग हैं। मेरा सवाल यह है कि हमले में 40 जवान शहीद हुए थे, आरोपी अभी तक क्यों नहीं पकड़े गए हैं, इसका वह जवाब दें। पांच साल से सरकार क्या कर रही है और हमें विरोधी बता रहे हैं।

अग्निवीर योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं को सेना में 4 साल की नौकरी दे रही है, फौजी वापस घर आकर क्या करेंगे, नौजवानों का भविष्य खत्म किया जा रहा है।




# Swati Maliwal मामले में प्रिंटर-लैपटॉप लेकर CM आवास पहुंची दिल्ली पुलिस

## CM केजरीवाल 15 मिनट में अपना प्रदर्शन खत्म कर भागे-भागे पहुंचे घर



**जालंधर ( काजल विज ) :** CM आवास पर AAP सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में बिभव कुमार की गिरफ्तारी को लेकर सीएम हाउस से लेकर सड़क तक सियासी घमासान छिड़ा हुआ है। स्वाति मालीवाल में साक्ष्य इकट्ठा करने दोपहर एक से 2 बजे के बीच दिल्ली पुलिस मुख्यमंत्री निवास पहुंची। पुलिस प्रिंटर-लैपटॉप लेकर ष्ट्ररूआवास पहुंची। पुलिस ने मारपीट के समय के CCTV फुटेज और DVR कलेक्ट किए हैं। इसकी जानकारी जैसे ही ष्ट्ररू अरविंद केजरीवाल को लगी तो वो भी अपना बीजेपी हेडक्वार्टर मार्च 15 मिनट में खत्म कर भागे-भागे सीएम आवास पहुंचे।

स्वाति मामले में दिल्ली पुलिस आवास में मौजूद सीसीटवी और डीवीआर लेने की कोशिश में जुटी हुई है। इस डीवीआर का जिक्र दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में भी किया था।

पुलिस हिरासत में भेजने वाले मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल से जांच एजेंसी ने कहा कि केजरीवाल के सहयोगी पुलिस के साथ सहयोग नहीं कर रहे और जवाब देने से बच रहे हैं।

रिमांड अर्जी में कहा गया है, ''यह एक बहुत ही गंभीर मामला है जिसमें एक सांसद पर बेरहमी से हमला किया गया जो घातक हो सकता था। विशिष्ट सवाल किए जाने के बावजूद आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया है और वह जवाब देने से बच रहा हैं।

इधर अपने पूर्व पीए बिभव कुमार समेत अन्य आप नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने आज BJP दफ्तर मार्च किया। सांसद संजय सिंह, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी सिंह और सांसद राघव चड्ढा समेत हजारों कार्यकर्ताओं के साथ केजरीवाल बीजेपी हेडक्वार्टर की तरफ कूच किया। हालांकि जैसे ही केजरीवाल को सीएम हाउस में पुलिस के आने की खबर लगी तो वैसे ही अपना धरना-प्रदर्शन खत्म कर भागे-भागे सीएम हाउस पहुंचे।

बता दें कि शनिवार को मामले में दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में बड़ा खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि वारदात के समय का सीएम आवास का CCTV फुटेज गायब है। वहीं आरोपी ने अपना आईफोन फॉर्मेट कर हमें दिया है। फोन का पासवर्ड भी नहीं बता रहा है।

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने विभव कुमार की हिरासत पर बहस करते हुए कोर्ट को बताया, 'हमने डीवीआर मांगा, वह पेन ड्राइव में दिया गयाज्फुटेज खाली पाई गई। पुलिस को आईफोन दे दिया गया है, लेकिन अब आरोपी पासवर्ड नहीं बता रहा है।

फ़ोन को फ़ॉर्मेट कर दिया गया है। अपर लोक अभियोजक ने कहा कि आरोपी आज भी घटना स्थल पर मौजूद था। वहीं विभव कुमार के वकील राजीव मोहन ने कहा मोबाइल को फार्मेट की बात सही भी है तो भी उसका इस मामले से कोई लेना देना नहीं है।

# सबसे ज्यादा पंजाब से आती है शराब की खेप



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** बिहार में शराबबंदी कानून लागू है लेकिन दूसरे राज्यों से तस्करी के माध्यम से शराब आ रही है। बड़ी मात्रा में इसकी जब्त भी की जा रही है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि सबसे ज्यादा शराब की तस्करी पंजाब से होती है।

कुल पकड़ी जाने वाली शराब की खेप में 46 फीसदी शराब पंजाब से या यहां की बनी होती है। इसके बाद हरियाणा से 8 फीसदी, यूपी से 6 फीसदी, झारखंड से 8, पश्चिम बंगाल से 4 और ओडिशा से 2 फीसदी शराब की सप्लाई होती है। पंजाब से विदेशी शराब की आवक सर्वाधिक होने के कारण वहां के आधा दर्जन के आसपास शराब निर्माताओं पर जुर्माना भी किया जा चुका है।

पंजाब पुलिस को दी गई जानकारी = राज्य के उत्पाद मद्य निषेध विभाग की ओर से पंजाब सरकार की पुलिस और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसे लेकर शिकायत भी की है। ऐसे लोगों और नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया है। इसके मद्देनजर हाल में पंजाब से अधिकारियों की एक टीम भी बिहार के दौरे पर आई हुई थी। इस टीम को यहां पकड़ी गई पंजाब की अलग-अलग फैक्ट्रियों में बनी शराब की खेप के सैंपल दिखाए गए।

गिरफ्तार हुए तस्करों के अलावा रडार पर आए तस्करों के बारे में विस्तृत जानकारी भी मुहैया कराई गई है। पंजाब के हुकमरानों ने कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। इसके अलावा पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर छापेमारी भी की जा रही है।

**ऐसे लगाया पता, कहां से कितनी शराब :** बिहार में पकड़ी जाने वाली शराब की खेप की बोतलों पर लगे क्यूआर टैग को स्कैन करके पूरी जानकारी एकत्र की गई है। इससे जब्त की गई शराब के बनाए जाने का स्थान और कंपनी का विवरण मिल गया। इस आधार पर यह देखा गया कि किन-किन राज्यों से शराब की आवक अधिक है।

इसमें पंजाब अव्वल स्थान पर है। तस्करी में शामिल राज्य के बाहर से अब तक 60 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें एक तिहाई से अधिक पंजाब और हरियाणा के हैं।




# करतारपुर साहिब को PAK से पंजाब लाने की मांग, पंजाब में जमीन नहीं खरीद पाएंगे बाहरी लोग, जानें अकाली दल के घोषणापत्र में क्या-क्या वादे

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लोकसभा चुनाव को लेकर शिरोमणि अकाली दल ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है, जिसमें तीन विशेष आर्थिक केंद्र बनाने, मोहाली को आईटी हब और श्री अमृतसर साहिब के साथ-साथ हरि के पाटन और पठानकोट के आसपास के क्षेत्रों को विकसित करने का वादा किया गया है वहीं पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब को लेकर बड़ी घोषणा की गई है।

शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि अमृतसर स्थित वाघा, फाजिल्का व फिरोजपुर सीमा खोलने की मांग लोकसभा में रखी जाएगी, इसके अलावा श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर भारत को दिलाने और इसके बदले में पाकिस्तान को कहीं अन्य जगह पर जमीन देने का करार किया जाएगा। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि पाकिस्तान के लिए वह टूरिस्ट हब हो सकता है, लेकिन भारतीयों के लिए आस्था का केंद्र है।



**हमारी प्राथमिकता पंजाब में नई इंडस्ट्री लगवाने की :** सुखबीर बादल ने कहा कि अगर पंजाब के लोग जम्मू-कश्मीर या फिर हिमाचल प्रदेश जाकर जमीन नहीं खरीद सकते है तो फिर उन्हें पंजाब में कृषि जमीन खरीदने की आजादी क्यों दी गई है। इस मौके पर सुखबीर ने कहा कि हमारी प्राथमिकता पंजाब में नई इंडस्ट्री लगवाने व उनमें 75 प्रतिशत पंजाबियों को नौकरी देने का प्रविधान करने की भी रहेगी।

### अन्य पंजाबी भाषी क्षेत्रों को शामिल करने के लिए लड़ाई

बादल ने कहा कि उनकी पार्टी चंडीगढ़ और राज्य से बाहर रह गए अन्य पंजाबी भाषी क्षेत्रों को शामिल करने के लिए लड़ाई फिर से शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बादल ने कहा कि उनकी पार्टी गैर-तटीय राज्यों को दिए जाने वाले अपने नदी जल पर रॉयल्टी मांगेगी और इसके लिए आवश्यक सभी राजनीतिक या कानूनी कदम उठाएगी।